चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में वेंडर्स डेवलपमेंट मीट का आयोजन

चित्तरंजन,23.08.2023:

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 23 अगस्त 2024 को एक वेंडर्स डेवलपमेंट मीट का आयोजन किया गया जिसमें 100 से भी अधिक वेंडरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

वेंडर्स डेवलपमेंट मीट का उद्देश्य विशेष रूप से रेलवे द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर जानकारी का प्रसार, उन वस्तुओं पर जानकारी प्रदर्शित/साझा करना जिनके लिए नए विक्रेताओं की आवश्यकता है। इस मीट के दौरान सामग्री से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सभी विक्रेताओं के साथ खुली चर्चा भी हुई।

श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक/चिरेका ने डेवलपमेंट मीट का उद्घाटन किया और प्रदर्शित सामग्रीओं का निरीक्षण किया। डेवलपमेंट मीट में श्री एस के वर्मा, प्रमुख मुख्य विद्युत् इंजीनियर, श्री ए.के.मेश्राम, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, विभागों के प्रधान प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

श्री मल्होत्रा ने अपने भाषण में उपस्थित विक्रेताओं से भारतीय रेल और चिरेका के साथ व्यापार करने के लिए आगे आने का आग्रह किया।